भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †646

उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2023 (सोमवार)

2 श्रावण, 1945 (शक)

प्रश्न

पड़ोसी देशों से घुसपैठ रोकना

†646. श्रीमती क्वीन ओझा:

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर पूर्वी क्षेत्र में आठ राज्य शामिल हैं और यह बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल और चीन की सीमा से जुड़ा है;

(ख) सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार का देश की सीमा से सटे सभी क्षेत्रों में बाड़ लगाने और ईंट की दीवारें खड़ी करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) जी, हां।

(ख) सरकार ने सीमा पार से घुसपैठ को रोकने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सीमा रक्षक बलों की सामरिक तैनाती, सीमा पर बाड़ लगाना और तेज रोशनी की व्यवस्था करना, गश्त करके सीमाओं पर प्रभावी प्रभुत्व, नाके लगाना, सीमाओं पर निरीक्षण चौकियों पर तैनाती करना, दूरस्थ सीमा चौकियों (बीओपी) का भेद्यता मानचित्रण, विशेष निगरानी उपकरणों और वाहनों की तैनाती जैसे हैंड हेल्ड थर्मल इमेजर (एचएचटीआई), नाइट विजन डिवाइस (एनवीडी), ट्विन टेलीस्कोप, यूएवी, लंबी दूरी की टोही और निगरानी प्रणाली (एलओआरआरओएस), बैटल फील्ड सर्विलांस रडार (बीएफएसआर), सीसीटीवी/पीटीजेड कैमरों से लैस एकीकृत निगरानी तकनीक, आईआर सेंसर और कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम के साथ इन्फ्रारेड अलार्म, निरंतर घुसपैठ-विरोधी अभियान, आसूचना नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण, संवेदनशील क्षेत्रों में एंटी-टनलिंग अभ्यास और जलयानों/नौकाओं की तैनाती, फ्लोटिंग बीओपी और नदी के अंतराल जैसे गैर-व्यवहार्य सीमावर्ती क्षेत्रों में तकनीकी समाधान, आदि शामिल हैं।

(ग) और (घ) अवैध सीमापार गतिविधियों को रोकने और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए संबंधित सीमाओं पर विद्यमान परिस्थितियों और आवश्यकता के अनुसार भारतीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का कार्य शुरू किया गया है।

*****